आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक : एफ 23(80)(2)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2020–21/361 दिनांक– 13-8-21

समस्त प्राचार्य/जिला नोडल अधिकारी
राजकीय/निजी महाविद्यालय
राजस्थान

विषय – वर्ष 2020–21 में कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की छात्राओं (माध्यमिक शिक्षा विभाग) एवं अनुसूचित जाति (SC) (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) की छात्राओं हेतु ऑनलाईन आवेदन करने की तिथि में अभिवृद्धि बाबत।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रेस–नोट के माध्यम से वर्ष 2020–21 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं से कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की छात्राओं (माध्यमिक शिक्षा विभाग) एवं) एवं अनुसूचित जाति (SC) (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) की छात्राओं हेतु आवेदन करने की तिथि में दिनांक– 31.08.2021 तक अभिवृद्धि कर दी गई है।

आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त योजना में व्यक्तिशः रूचि लेकर छात्राओं को दूरभाष पर संपर्क कर, स्थानीय समाचार पत्रों में प्रेस नोट जारी कर, टी.वी केबल पर निःशुल्क प्रचार करावें तथा महाविद्यालय, नगर पालिका/पंचायत समिति/ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर संपूर्ण सूचना चस्पा कराकर व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजनान्तर्गत सामान्य वर्ग का आर्थिक पिछड़ा वर्ग (EBC) की छात्राओं (माध्यमिक शिक्षा विभाग) एवं अनुसूचित जाति (SC) (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग) की छात्राओं हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र अंतिम तिथि से पूर्व भरवाया जाना सुनिश्चित करें। जिससे कि राज्य सरकार द्वारा संचालित योजना का छात्राओं को अधिकतम लाभ मिल सकें।

(संदेश नायक, आई.ए.एस.)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा राजस्थान,
जयपुर

क्रमांक : एफ 23(80)(2)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2020–21/362 दिनांक– 13-8-21

प्रतिलिपि :– प्रभारी, वेबसाइट को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड हेतु।

(मानसिंह मीना)
लेखाधिकारी

d:\scholarship\online scholarship\online schlorship.docx